Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B^+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Organizing Department: NSS in collaboration with Patna District Administration

Voters' Awareness Session

30-03-2024

श्री अरविंद महिला कॉलेज में जिला स्वीप टीम द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसमें कॉलेज की प्रचार्या प्रो साधना ठाकुर, प्रो शिवनारायण तथा जिला मतदाता जागरुकता अभियान की ब्रांड एम्बेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत के नेतृत्व में स्वीप टीम के सदस्यों ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रचार्या ने सभी उपस्थित छात्राओं से कहा कि लोकसभा चुनाव के दिन जरूर से मतदान करें। मतदान से न सिर्फ सरकार बनती है बल्कि इसी से देश का भविष्य भी संवरता है।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को लोकसभा चुनाव में जरूर से मतदान करने की शपथ दिलाते हुए नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है।

आगामी लोकसभा चुनाव में 543 सीटों के लिए मतदान किया जाने वाला है जिसके लिए मतदाता सूची में 96.8 करोड़ मतदाता सूचीबद्ध हैं। इसमें 47.15 करोड़ महिला मतदाता और 49.7करोड़ पुरुष मतदाता हैं 18वीं लोकसभा के चुनाव में 1.82 करोड़ नए मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले हैं। नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि पहले से सूचीबद्ध

मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग तो करें ही, मतदाता सूची में पहली बार नाम दर्ज करने वाले युवा मतदान जरूर करें। वोट की हिम्मत है, वोट ही ताकत है। मतदाताओं द्वारा किया गया प्रत्येक वोट लोकतंत्र को मजबूत करता है जो बाद में राष्ट्र की मजबूती में परिणत होता है। इसलिए अपने मत की अहमियत को जानें और चुनाव के दिन जरूर मतदान करें।

अरविंद महिला कॉलेज में चलाया गया मतदाता जागरुकता अभियान

लोकतंत्र में जनता मालिक, हर वोट है कीमती : नीतू नवगीत

पटना। अरविंद महिला कॉलेज में पटना जिला स्वीप टीम द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉ. साधना ठाकुर, हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ शिवनारायण तथा पटना जिला मतदाता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत के नेतृत्व में स्वीप टीम के सदस्यों ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रभारी प्राचार्य साधना ठाकुर ने सभी उपस्थित बालिकाओं से कहा कि लोकसभा चुनाव के दिन जरूर से मतदान करें। मतदान से न सिर्फ सरकार बनती है बल्कि इसी से देश का भविष्य भी संवरता है।

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को लोकसभा चुनाव में जरूर से मतदान करने की शपथ दिलाते हुए नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान की आइकॉन नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है।

आगामी लोकसभा चुनाव में 543 सीटों के लिए मतदान किया जाने वाला है जिसके लिए मतदाता सूची में 96.8 करोड़ मतदाता सूचीबद्ध हैं। इसमें 47.15 करोड़ महिला मतदाता और 49.7 करोड़ पुरुष मतदाता हैं 18वीं लोकसभा के चुनाव में 1.82 करोड़ नए मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले हैं। नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि पहले से सूचीबद्ध मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग तो करें ही, मतदाता सूची में पहली बार नाम दर्ज करने वाले युवा मतदान जरूर करें। वोट की हिम्मत है, वोट ही ताकत है। मतदाताओं द्वारा किया गया प्रत्येक वोट लोकतंत्र को मजबूत करता है जो बाद में राष्ट्र की मजबूती में परिणत होता है। इसलिए अपने मत की अहमियत को जानें और चुनाव के दिन जरूर मतदान करें।